VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY DEHRADUN
(A state Government University)
P.O. Chandanwari Premnagar, Suddhowala, Dehradun-248001, Uttarakhand
PH: 0135-2770126, Fax: 0135-2770124, Mobile: 7906811073
Email Id: coe@uktech.ac.in, Website: www.uktech.ac.in

Ref: .MEMO_1/UTU/EXAM/2020-21 Dated:. 07 अगस्त 2021

सेवा में,

निदेशक / प्रधानाचार्य,
उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय
से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः विषम सेमेस्टर परीक्षा 2020–21 के अन्तर्गत बैक पेपर परीक्षा समय सारिणी उपलब्ध कराये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि विश्वविद्यालय द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा 2020–21 की परीक्षायें ऑनलाईन मोड में आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम मे पत्र संख्या 751 /UTU/EXAM/2020-दिनांक 30 जुलाई 2021 के माध्यम से दिनांक 8 अगस्त 2021 से विषम सेमेस्टर की बैक पेपर परीक्षाओं का बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित ऑनलाईन परीक्षा की समय सारिणी जारी की गयी थी।

कतिपय संस्थानों द्वारा व्यक्तिगत रूप से विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर अवगत कराया जा रहा है कि उनके संस्थान के कुछ छात्र–छात्रायें कोविड–19 महामारी के प्रसार के कारण माह मार्च–अप्रैल 2021 में बैक पेपर परीक्षा आवेदन फार्म भरने से वंचित रह गये हैं। **अतः छात्र हित में बैक पेपर परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 08 अगस्त 2021 के स्थान पर दिनांक 11 अगस्त 2021 से किया जा रहा है।** संशोधित परीक्षा समय–सारिणी पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। साथ ही संस्थानों को निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में विश्वविद्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार समयान्तर्गत छात्र–छात्राओं से परीक्षा सम्बन्धी क्रिया–कलापों का सम्पादन किया जाय।

समस्त संस्थानों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि ऐसे छात्र–छात्राओं की सूचना जो कोविड–19 महामारी के प्रसार के कारण माह मार्च–अप्रैल 2021 में बैक पेपर परीक्षा आवेदन पत्र भरने से वंचित रह गये हों की सूचना निर्धारित संलग्न प्रारूप पर दिनांक 8 अगस्त 2021 को सायं 5.00 बजे तक अनिवार्य रूप से केवल परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के ईमेल– coe@uktech.ac.in पर हार्ड (हस्ताक्षरित) एवं साफ्ट कापी में प्रेषित करना सुनिश्चित करें। दिनांक 08 अगस्त 2021 के उपरान्त ऐसे किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा जो बैक पेपर परीक्षा आवेदन से सम्बन्धित होंगे। इसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्थान की होगी।

परीक्षा कार्यालय के संज्ञान में यह भी आया है कि संस्थानों द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं सत्यापन करने में लापरवाही बरती गयी है, ऐसे छात्र–छात्राओं को भी परीक्षा आवेदन पत्र भराये गये हैं जो विश्वविद्यालय के Ordinance के अनुसार अर्हता पूर्ण नहीं करते हैं। अतः ऐसे संस्थानें को चेतावनी देते हुए निर्देशित किया जाता है कि भविष्य में परीक्षा आवेदन पत्रों को भराने एवं सत्यापित करते समय Ordinance का पूर्ण अध्ययन भी कर लें।

भवदीय,

संलग्नक–यथोपरि।

(पी0के0अरोड़ा)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति वीर माधो सिंह भण्डारी, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय को महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
2. कुल सचिव, वी0मा0सिं0भ0 उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून।
3. श्री गौरव भण्डारी, यू0टी0यू0 को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

(पी0के0अरोड़ा)
परीक्षा नियंत्रक